जून 2015

कॉर्पोरेट न्यूज़
एचएलएल का न्यूज़लेटर

# एचएलएल के निगमित मुख्यालय में सैनिटरी नैप्किन वेंटिंग मशीन




स्वास्थ्य रक्षा को प्रमुखता देनेवाले एचएलएल लाइफ़केयर लिमिटेड ने सैनिटरी नैप्किन प्रदान करके स्वास्थ्य परिरक्षा में स्वच्छता कायम रखने के उद्देश्य से कंपनी के निगमित मुख्यालय में महिला कर्मचारियों के लिए सैनिटरी नैप्किन वेंडिंग मशीन संस्थापित किया। एचएलएल की कनगला फैक्टरी में विनिर्मित 'हाप्पि डेइस' ब्रांड के नैप्किन इस वेंडिंग मशीन से मिलेगा। एचएलएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ.एम.अय्यप्पन ने कहा कि सर्वेक्षण के अनुसार मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता का अभाव फंगल संक्रमण और अन्य बीमारियों के कारण बन जाता है। यह एक सामाजिक समस्या समझकर यह हल करने के हमारे प्रयत्न का परिणाम है यह सैनिटरी नैप्किन वेंडिंग मशीन।

निगमित मुख्यालय के कर्मचारियों में 25 प्रतिशत महिलाएँ हैं। महिलाओं के वाश रूम में २ वेंडिंग मशीन संस्थापित किया गया है। इस वेंडिंगो नामक मशीन से 25 पैकेट नैप्किन तक मिलेगा। दस रुपए के लिए तीन नैप्किनों का एक पैकेट मिलता है। इसका दाम बाज़ार मूल्य से बहुत कम है। उपयोगित नैप्किनों का निपटान करने के लिए इनसिनेरेट्टर भी संस्थापित किया गया है। इससे एक साथ 25 नैप्किन तक राख कर सकता है। आगे एचएलएल के अन्य फैक्टरियों एवं कार्यालयों में यह वेंडिंग मशीन संस्थापित करेंगे।

एचएलएल पिंक महिला फोरम, लैंगिक उत्पीडन निवारण समिति आदि महिला कर्मचारियों के संरक्षा एवं रक्षा को अतीव प्रमुखता देता रहता है। नैप्किनों के लिए वेंडिंग मशीन संस्थापित करके एचएलएल अन्य संस्थाओं के लिए एक मार्गदर्शक बन गया है।

इस समारोह में एचएलएल के सह उपाध्यक्ष (मानव संसाधन) एवं लैंगिक उत्पीडन निवारण समिति की अध्यक्षा श्रीमती वी.सरस्वती देवी, उप महा प्रबंधक एवं लैंगिक उत्पीडन निवारण समिति के सदस्य सचिव डॉ.वी.के.जयश्री, पूजप्पुरा एस एम एस एस हिंदु महिला मंदिरम सचिव श्रीमती एम.श्रीकुमारी आदि ने भाग लिया।



**एचएलएल पिंक महिला फोरम, लैंगिक उत्पीडन निवारण समिति आदि महिला कर्मचारियों की संरक्षा एवं रक्षा को अतीव प्रमुखता देता रहता है। नैप्किनों के लिए वेंडिंग मशीन संस्थापित करके एचएलएल अन्य संस्थाओं के लिए एक मार्गदर्शक बन गया है।**

**डॉ.एम.अय्यप्पन –**

# एचएलएल जनसंजीवनी किफायती मूल्य दवाओं के विपणन केंद्र कर्नाटका में।



एचएलएल ने कर्नाटका सरकार के साथ मिलकर आम जनता को किफायती दर पर दवाएं उपलब्ध कराने की योजना कर्नाटका में प्रारंभ की। दवाओं की दूकानों के अलावा रोग निर्णय केंद्र भी कर्नाटका के आर-पार प्रारंभ करने का भी निर्णय लिया गया है। इसके अलावा एचएलएल के साथ मिलकर किफायती दर का डायग्नोस्टिक केंद्र भी प्रारंभित करने की समझौते पर हस्ताक्षर किया गया। किफायती दर पर दवाओं की विपणन सेवाएँ आसानी से लोगों तक पहूँचाने के लिए जनसंजीवनी दवा केंद्रों की स्थान सूचिका भी राज्य के अस्पतालों में संस्थापित करेगी। पहला किफायती दर औषधशाला बैंगलूर के के.जी.अस्पताल में प्रारंभ करेगा। कर्नाटका के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री यु. टी. खादर ने कहा कि इस जनसंजीवनी से हमारा लक्ष्य है सभी स्तर के लोगों को किफायती दर पर दवाएं उपलब्ध कराना। उन्होंने जोडा कि एचएलएल की सहभागिता से डायग्नोस्टिक केंद्रों को संस्थापित करने का भी निर्णय लिया गया है।




स्वास्थ्य संपन्न जनता ही एक देश की संपत्ति है। आज उच्च स्तर की दवाएँ एवं चिकित्सा सेवाएँ आम जनता के लिए अप्राप्य है। एचएलएल इन कार्यों को व्यापार के रूप में नहीं उत्तरदायित्व एवं फर्ज समझते हैं

– डॉ.एम.अय्यप्पन

एचएलएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. एम.अय्यप्पन ने व्यक्त किया कि स्वास्थ्य संपन्न जनता ही एक देश की संपत्ति है। आज उच्च स्तर की दवाएँ एवं चिकित्सा सेवाएँ आम जनता के लिए अप्राप्य है। यह जानकर एचएलएल, दवा विपणन सेवाएँ एवं रोगनिर्णय सेवाएँ फैलाने के लिए आगे आया। इस प्रकार की योजनाओं को हम एक व्यापार के रूप में नहीं देखते हैं। यह हमारा उत्तरदायित्व एवं फर्ज है। हज़ारों से अधिक दवाएँ 60 से 80 प्रतिशत तक कटौती दर पर यहाँ से मिलेगी।

# ज्ञानप्रद वीडियो संग्रह से एचएलएल वेबिनार




एचएलएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. एम.अय्यप्पन कंपनी के वार्षिक सम्मेलन में दिये मुख्य भाषण, थिंक टैंक लेक्चर्स सीरीस में विविध आयामों के प्रतिभाशालियों द्वारा चलाए गए क्लास आदि के वीडियो अब ऑनलाइन में। एचएलएल वेबिनार से हम ये वीडियो देख सकते हैं। वेबसाइट से सेमिनार वीडियो संप्रेषित करने की तरीका है वेबिनार। एचएलएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ.एम.अय्यप्पन ने 5 जनवरी, 2015 को निगमित मुख्यालय में इस का उद्घाटन किया। हर महीने के एचएलएल थिंक टैंक लेक्चर्स सीरीस के विशेषज्ञों के भाषण इस वेबिनार में देख सकेगा। यह वेबिनार भी एचएलएल के अपने यूट्यूब चैनल " चैनल एचएलएल" का एक भाग ही है। एचएलएल वेबिनार के वीडीयो ऑनलाइन में देखने के लिए youtube.com/channel hll या यूट्यूब में "channel hll" खोजना चाहिए। माधवन चंद्रदत्तन (आई एस आर ओ), जी विजयराघवन (सी ई ओ, ट `क्नोपार्क), डॉ.ए.वी.जोस, पी.विजयन आई पी एस, टी.पी.श्रीनिवासन (भारत के पूर्व राजदूतावास), गौरीदासन नायर(ब्यूरो प्रमुख), जी.शंकर (हैबिटाट्ट तकनॉलजी) आदि प्रमुख व्यक्तियों के भाषण वेबिनार में संप्रेषित किए गये हैं।

आँकडों के अनुसार संसार के 40% लोग और भारत के 354 दशलक्ष लोग इंटरनेट का उपयोग करते हैं। सामाजिक मीडिया पत्रकारिता के सभी सीमाओं को पार करके आगे की ओर बढने के इस युग में सामाजिक मीडिया में एचएलएल का सान्निध्य और भी मज़बूत कराने के लिए एचएलएल ने यह वेबिनार प्रारंभ किया। एचएलएल के फेइसबुक और यूट्यूब चैनल का प्रचार दैनंदिन बढ़ रहा है। इस वेबिनार का सारा कार्य एचएलएल का कॉर्पोरेट संचार विभाग करता है।

एचएलएल फेइसबुक का लिंक नीचे दिया जाता है।
www.facebook.com/lifecarehll









एचएलएल फेइसबुक का लिंक नीचे दिया जाता है।
www.facebook.com/lifecarehll

# एच बी एल में योगा दिवस मनाया गया



राष्ट्रीय योगा दिवस के तहत 5 जून, 2015 को एचएलएल बायोटेक लिमिटेड में योगा दिवस धूमधाम से मनाया गया। सद्गुरु जग्गी वासुदेव के सामाजिक सेवा संगठन 'इषा' फाउंडेशन के नेतृत्व में कर्मचारियों को योगा का प्राथमिक प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर एचएलएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ.एम.अय्यप्पन ने कहा कि कर्मचारियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं शारीरिक बल बढ़ाने, तनाव, थकावट आदि दूर करने के लिए योगा एकदम सहायक होगा। उन्होंने जोडा कि कर्मचारियों में क्रियात्मकता पैदा करके उत्पादकता और कार्यक्षमता बढ़ाने तथा नौकरी संबंधी समस्याओं को हल करके कार्यालय में ताज़गी से संपन्न वातावरण कायम रखने के लिए भी यह सहायक होगा।

योगा के नौसिखियों को सूर्यनमस्कारम्, प्राणायामम् मेडिट्टेशन आदि प्रशिक्षण दिया गया। यु एन ने 21 जून को राष्ट्रीय योगा दिवस मनाने के लिए १७७ देशों के समर्थन के साथ प्रस्ताव पास किया है। भारत भर में योगा दिवस मनाने के प्रधान मंत्री के निर्देश के मद्देनज़र एचबीएल में भी योगा दिवस मनाया गया।




राष्ट्रीय योगा दिवस समारोह के तत्वावधान में 5 जून को एच बी एल में आयोजित योगा दिवस कार्यक्रम

## एक नज़र



गुरु गोपिनाथ नटनग्राम के विद्यार्थियों के लिए 29 मई, 2015 को आयोजित कैंप में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ.एम.अय्यप्पन बच्चों से बातचीत करते हुए।



मई 2 को आयोजित थिंक टैंक लेकचर्स सीरीस में डॉ.ए.वी.जोस क्लास लेते हैं।



पेरूरकड़ा फैक्टरी में 29 मई को समायोजित "मद्यासक्ति और स्वास्थ्य समस्याएं" विषय पर क्लास लेते हैं, डॉ.कर्नल के.ई.राजन




पेरूरकड़ा फैक्टरी में मई 15 को चलाए गए जनमत संग्रह में कर्मचारीगण अपना मतदान देते हैं।